हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

11 कौशल रोजगार निगम में युवाओं को आरक्षण न देने पर संगठनों में आक्रोश



12 कम्प्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल जारी



# ऑपरेशन के दो दिन बाद महिला की हुई मौत, परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम

- चिकित्सकों के प्रति लोगों ने जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सतनाली क्षेत्र निवासी एक महिला की ऑपरेशन के बाद भी तबीयत ठीक नहीं हुई और दो दिन बाद ही तबीयत खराब होने से मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों के प्रति जमकर नारेबाजी भी की। मृतका की मौत व जाम की सूचना पाकर डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने इसकी सूचना सिटी पुलिस थाने में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम लगाने वाले लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया। इसके बाद पुलिस टीम लोगों को समझाकर जाम को खुलवा दिया। करीब एक घंटे मिनट बाद पुलिस प्रशासन की ओर से जाम खुलवाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं शहर की ओर आने वाले राहगीरों को भी दूसरे रास्ते से शहीर के अंदर प्रवेश करना पड़ा।

मृतका के पति मोहम्मद राशिक आलम ने बताया कि वह बिहार राज्य का रहने वाला है। पिछले 17 सालों से सतनाली में वह रंग पेंट का कार्य कर रहा है। उसकी 27 वर्षीय पत्नी रूकसाना के पेट में तकलीफ थी। जांच करने पर उसके पेट के अंदर पित की थैली में पथरी थी। उन्होंने शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में 12 जुलाई को ऑपरेशन करवाया था।






महेंद्रगढ़। महिला की मौत पर जाम लगाए बैठे परिजन व अन्य तथा जाम लगाने वाले लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

चिकित्सक ने अगले दिन सफल ऑपरेशन होने की पुष्टि कर दी थी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद उसकी पत्नी दर्द बता रही थी। इस संबंध में उन्होंने चिकित्सक को बताया था। चिकित्सक ने कहा था कि इसका माइनर ऑपरेशन होगा जो बाद में ठीक हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने इंजेक्शन लगाकर दो दिन यहां भर्ती रखा और उसके बाद छुट्टी दे दी। बाद में पत्नी को ज्यादा दिक्कत होने लगी और उसका पेट फूलने लगा। वो बाद में दूसरे प्राइवेट अस्पताल में चले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसको कुछ घंटों के लिए भर्ती कर दिया। उन्होंने पत्नी की सिटी स्कैन करवाया, तो उसमें आंत में कट लगने की रिपोर्ट आई। वो वापस उसी अस्पताल में लेकर आए जहां पर चिकित्सकों ने इसका दोबारा ऑपरेशन किया। इसके बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वो उनको रोहतक पीजीआई लेकर गए जहां पर तीन-चार घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने चिकित्सक पर इलाज के दौरान लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। मृतका के 2 छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

### मृतका का आज होगा पोस्टमार्टम

मृतका की मौत होने पर शाम के करीब पांच बजे परिजनों ने नारनौल से पोस्टर्माटम करवाने की मांग की। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल भेज दिया गया हैं। शुक्रवार को वहां चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा तथा पुलिस भी वहीं मृतकों के परिजनों के बयान लेकर आगामी कार्रवाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। जर्जर दीवार। फोटो: हरिभूमि

### जर्जर दीवार बनी जी का जंजाल

**नारनौल।** गांव भूषण कलां में मुख्य मार्ग, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों का आवागमन होता है, उससे सटी हुई एक जर्जर दीवार ग्रामवासियों के लिए भय का कारण बनी हुई है। खस्ताहाल ये दीवार कभी भी गिर सकती है। खासकर इस बारिश के मौसम में तो इसके गिरने का अंदेशा बहुत ज्यादा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को बार बार इस संबध में गुहार लगाई है, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। दीवार से सटे घर के वासी डा. हरलाल यादव सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में ग्राम पंचायत से लेकर अधिकारियों तक शिकायत की गई है।

## रातां बस स्टैंड पर मेडिकल की दुकान से नकदी व सामान चोरी

- पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव रातां बस स्टैंड पर स्थित एक मेडिकल का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये की नगदी व सामान चुरा लिया। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नावदी निवासी राजेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि वह गांव राता में मेडिकल स्टोर की दुकान चलाता है। रोजमर्रा की तरह अपनी दुकान को बंद करके घर आ गया था, लेकिन सुबह जाकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद उसने डायल 112 पर फोन किया। पुलिस के आने के बाद अंदर जाकर उसने देखा तो दुकान का गल्ला खुला पड़ा था तथा सारा सामान व बिल फर्श पर गिरे हुए थे।



मंडी अटेली। सीसीटीवी फुटेज में मेडिकल की दुकान से सामान चुराता चोर।

दुकान पर चेक करने में पाया कि चोर ने दुकान में रखे हुए 38560 रुपये, कूलर, दवाइयां, इंजेक्शन, ग्लूकोज पाउडर के डब्बे के अलावा अन्य सामान चुरा लिया। अटेली पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## राजपुरा में जमीनी रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव राजपुरा में जमीनी विवाद की रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में राजपुरा निवासी यादवेंद्र ने बताया कि उसके दो बेटे है, जोकि रेवाड़ी शहर में रहते है। छोटा बेटा वीरसिंह हरियाणा पुलिस में कार्यरत है। वह बुधवार को साप्ताहिक अवकाश पर घर आया हुआ था। उसके साथ उसका दोस्त राजकुमार भी आया था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि बुधवार करीब तीन बजकर 45 मिनट पर मकान में उसके पिता व राजकुमार बैठक में बैठे हुए थे तथा उसका पुत्र वीरसिंह मकान के पिछले हिस्से जोकि बैठक के साथ लगते हुए निर्माणाधीन मकान के कार्य की देखरेख कर रहा था। उसने बताया कि ललित, पूर्ण, कविता, कौशल्या उसके परिवार से जमीनी विवाद को लेकर रंजिश रखते है। उपरोक्त उस समय हाथों में कुल्हाड़ी, लाठी, डंडे व चाकू लेकर उसके मकान के पिछले दरवाजे से अंदर पहुंचे और कहने लगे कि इनको पुलिस को शिकायत करने का अंजाम बताते हैं। उस समय ललित ने अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर जोर से बोलने लगा तो आवाज सुनकर हम सब बैठक से बाहर आए और देखा कि उसके बेटे को ललित ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी से सिर में तीन वार किए। बीच बचाव करने पहुंचा तो ललित ने कुल्हाड़ी का डर दिखाते हुए उसे धक्का मारा और वह नीचे गिर गया। उसी समय उसके सामने ही पूर्ण ने ललित से कुल्हाड़ी लेकर कहा कि इसको जान से मारेगा और नीचे गिरे हुए बेटे के सिर, माथे पर कुल्हाड़ी से वार किया तथा कौशल्या ने अपने हाथ में लिए चाकू से उसके बेटे के हाथ पर वार किया। कविता ने हाथ में लिए डंडे से पैर पर वार किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपित बेटे को मरा समझकर यह कहते हुए चले गए कि आज एक का तो काम तमाम कर दिया। इसके वह अपने बेटे को नजदीकी अस्पताल अटेली मं लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। अटेली पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### यादव धर्मशाला में आयोजित बैठक में ईडी की कार्रवाई पर उठाए सवाल

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में भड़का सर्व समाज, आज करेगा पंचायत



महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

स्थानीय यादव सभा धर्मशाला में यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में विधायक राव दानसिंह के आवास पर ईडी द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में यादव सभा के अध्यक्ष ने निंदा प्रस्ताव पास किया तथा सर्व सहमति से विचार विमर्श किया गया। कप्तान राजेंद्र खेड़ा ने बताया कि महेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक राव दान सिंह की लोकप्रियता को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमारी की जा रही है। जोकि इस विधानसभा के 36 बिरादरी के लोगों एवं सर्व समाज के हितों को कुचलने के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बहुत ही गलत कार्यवाही कराई जा रहीं हैं। यह सरासर गलत हैं।

यादव सभा के अध्यक्ष एडवोकेट अभयराम यादव ने कहा कि आगामी दो माह बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा नेताओं की ओर से विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए यह कार्रवाई कराई जा रहीं हैं। लोकसभा चुनाव में राव दानसिंह ने सांसद धर्मबीर को कड़ी टक्कर दी थी। इससे भाजपा नेता बौखला गए हैं। उनको विधानसभा चुनावों में हार का डर सता रहा हैं। उन्होने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे ईडी की कार्यवाही के खिलाफ सुबह 11 बजे यादव धर्मशाला भवन में 36 बिरादरी के लोगों की मीटिंग आयोजित की जाएंगी। बैठक के सभी समाज के प्रधानों एवं गांवों से संपर्क किया जा रहा हैं। इस मौके पर यादव सभा के सचिव रोहतास सिंह, कोषाध्यक्ष बाबू जगदीश प्रसाद, सहसचिव रोहतास सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सूबेदार आरके यादव, रामस्वरूप बोहरा, बाबू छोटेलाल, सूबे सिंह, पूर्व सरपंच रामअवतार, मास्टर लक्ष्मी नारायण बालरोडिया, बाबू मलखान सिंह, नरेश कुमार, राजेश कुमार, बहादुर सिंह थानेदार, देशराज यादव, ब्रह्मदत्त, राजेंद्र सिंह व भतेरी देवी आदि उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### राव दान सिंह के घर पर ईडी की रेड राजनीतिक षड्यंत्र

**नारनौल।** नारनौल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी नेता एवं सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अतेंद्र यादव ने कहा है कि राव दान सिंह के बढ़ते कद को देख भाजपा सरकार बोखलाहट में है। भाजपा सरकार तानाशाह बन कर सरकारी एजेंसीयो का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है जोकि लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है इसी कारण तानाशाही पर उतर गई है। प्रदीप यादव ने कहा कि इस तरह के छापेमारी से कुछ हासिल नहीं होने वाला। कांग्रेस पार्टी और मजबूत हो कर उभरेगी। कांग्रेस राव दान सिंह के घर पर छापेमारी का पूरजोर तरीके से विरोध करती है। जल्द ही कांग्रेस सड़कों पर विरोध प्रदर्शन भी करेगी। वहीं कांग्रेसी नेता प्रदीप यादव एडवोकेट ने कहा है कि कांग्रेस जल्द ही इसके खिलाफ रणनीति तय कर विरोध करेगी।

### कांगेसी महिलाओं ने जताया ईडी का विरोध

**महेंद्रगढ़।** कांग्रेसी महिलाओं ने विधायक राव दानसिंह के ठिकानों की जा रहीं छापेमारी का मौके पर पहुंच कर विरोध जताया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला कांग्रेस की शहरी प्रधान बाला देवी ने कहा कि प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार के गिरते ग्राफ के कारण बौखला गई हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाता देख जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा नेता इस तरह की कार्रवाई करवा रहें हैं। केंद्र सरकार अपने फायदे के लिए सरकारी एजेंसियों को दुरूपयोग कर रही है। ईडी के माध्यम से जिस प्रकार से विपक्ष नेताओं को टारगेट किया जा रहा है, उसकी निंदा करते है। इस तरह की गलत कार्रवाई किसी भी हाल में बर्दाश्त नही जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को आने वाले चुनाव में हार नजर आ रही है। अपनी हार से बौखला गई है। इसलिए इस तरह की छोटी हरकतों पर आ गई है। सत्ता का दुरुपयोग करके ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने और उन्हें डराने के लिए किया जा रहा हैं। जब-जब चुनाव नजदीक होते हैं, तब-तब ईडी विपक्ष के नेताओं पर शिकंजा कसने लग जाती है। इस मौके पर टेकचंद, अनूप कुमार, उमेद सिंह, कृष्णा खातीवास, नरेश बचीनी व संजीव चौहान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हुडा सेक्टर के पार्क में भरे बरसात के पानी में नौ साल के बच्चे की डूबने से हुई मौत का मामला

पुलिस दिनभर खंगालती रही आसपास की सीसीटीवी फुटेज

## ग्रीवेंस मीटिंग में उठा था मुद्दा, प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान, हो गया हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर के हुडा सेक्टर के जिस पार्क में नौ साल के बच्चे की मौत डूबने से हुई, उस मामले में अगले दिन वीरवार पुलिस दिनभर सबूत खंगालती रही। पार्क के आस पास मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया। वहीं आस पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ भी की गई।

वहीं दूसरी ओर 10 जुलाई को पंचायत भवन में ग्रीवेंस मीटिंग थी। इसमें बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला आए थे। इस मीटिंग में हुडा सेक्टर वासी जेजेपी नेता विजय छिलरो ने खड़े होकर प्रशासिनक अधिकारियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंत्री जी, हुडा सेक्टर का बुरा हाल है।

थोड़ी सी बरसात में वहां के सभी पार्क तालाब बन गए है। तीन से पांच फीट पानी है। कोई हादसा हो गया तो कौन जिम्मेवार होगा। विजय छिलरो की इस बात को ना तो मंत्री और ना ही प्रशासिनक अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। अब जब यह हादसा हो गया तो वहां मौजूद जिस भी अधिकारी या नेता ने अब इस हादसे का पता चला तो हैरान थे, अगर विजय छिलरो की बात को अनसुना नहीं किया जाता और नगर परिषद प्रशासन अमल करता तो शायद यह हादसा नहीं होता।




नारनौल। इसी पार्क में बरसाती पानी बना बच्चे की अकाल मौत का कारण। फोटो: हरिभूमि

### मामा की ओर से दी गई सूचना को स्कूल संचालन ने बताया गलत

हुडा सेक्टर में बने शहीद उधम सिंह पार्क में बरसाती पानी एकित्रत था। जहां डूबने से नौ साल के बच्चे मनीष पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र वासी धौलेड़ा की अकाल मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मृतक के मामा संजय मौखूता ने बताया था कि मृतक भांजा मनीष बीपीएस स्कूल में पढ़ता था। बच्चे की मां भी उसी स्कूल में नौकरी करती है। इस संबंध में बीपीएस स्कूल के प्रिंसीपल उदय भान राव ने शुक्रवार बताया कि हमारी संवेदनाएं इस घटना के शिकार हुए बच्चे मनीष के परिवार के साथ है और समाचार पढ़कर आधात भी लगा कि क्षेत्र में व्यवस्था की खामियों के कारण देश ने एक होनहार बच्चे को खो दिया। उन्होंने कहा कि छात्र मनीष इस वर्ष उनके स्कूल भारती पब्लिक स्कूल का नहीं है। ना ही उसकी माता स्कूल में नौकरी करती है। उसकी मां भी पिछले सत्र में स्कूल छोड़ चुकी है। वैसे भी यह घटना हुडा सेक्टर के पार्क में भरे पानी के कारण हुई है।

## पुलिस ने नांगल चौधरी के होटलों व रेस्टोरेंट को किया चेक, रजिस्टर की भी जांच की



नारनौल। होटल में रजिस्टर की जांच करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पुलिस ने वीरवार को नांगल चौधरी क्षेत्र के होटल व रेस्टोरेंट की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम होटलों के कमरों के अंदर तक पहुंची। काउंटर पर कमरे किराये पर देते समय लगाए रजिस्टर की जांच की। थाना प्रभारी ने होटल कर्मचारियों को कमरा किराये पर देते समय रजिस्टर में व्यक्ति का पूरी जानकारी लिखने और उनका पहचान पत्र भी लेने के निर्देश दिए। इसके साथ टीम ने होटलों में सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की।

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशानुसार थाना नांगल चौधरी प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के होटलों व रेस्टोरेंट की जांच की। इससे होटलों में अफरा तफरी मच गई। होटलों में जिन व्यक्तियों ने कमरा किराये पर लिया हुआ था, पुलिस ने उनसे भी पूछताछ की। होटल संचालक और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिस भी व्यक्ति को कमरा किराये पर दें, उसका नाम, मोबाइल नंबर, पता रजिस्टर में लिखें। साथ ही होटल में ठहरने वालों के पहचान पत्र अवश्य लें और पहचान पत्र की जांच भी करें। होटल में सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रखे। यदि कैमरे खराब हैं तो उन्हें चालू कराएं। लोगों के सहयोग से ही पुलिस असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगा सकती है।

## खबर संक्षेप


महेंद्र सिंह राता


अनीता यादव

### भाजपा पिछड़ा, ओबीसी व अल्पसंख्यक विरोधी

**मंडी अटेली।** हरियाणा मांगे हिसाब नाम से प्रदेशव्यापी अभियान के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पद यात्रा चलाई हुई। हरियाणा के सभी 90 हलकों में मिलकर सुझाव लिए जा रहे है। कांग्रेसी नेता महेंद्र सिंह राता यादव व अनिता यादव ने कहा कि लोकसभा के चुनावों में राव दानसिंह की ओर से भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने के बाद भाजपा के गिरते ग्राफ को कम करने के ईडी का छापा मार कर कांग्रेस को कमजोर करने की चेष्टा व राजनीतिक विरोधी षडयंत्र है।

### दुलोठ अहीर में आयुष कैंप का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर में आयुष विभाग की तरफ से निःशुल्क आयुष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान चिकित्सकों की टीम ने 110 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इसके अलावा मरीजों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाई भी वितरित की गई। मरीजों का शुगर, बीपी व एचबी की जांच की गई। कैंप में टीम एचएमओ डॉ. सोनिया चौधरी, एएमओ डॉ. नवीन कुमार, होशियार सिंह, एचएमओ डिपेंसरी ललित, योग सहायक सुंदर सिंह आदि मौजूद थे।

### हरित पर्यावरण प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास में कक्षा नौवीं से 12वीं के छात्रों के बीच हरित पर्यावरण प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति रुचि को जागृत करना तथा किस प्रकार से पर्यावरण को स्वच्छ रखा जाए, पर्यावरण को किस प्रकार से बचाया जाए रहा।

### जन्मदिन पर बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**नारनौल।** दिल्ली पुलिस में सेवारत ग्राम नांगल पीपा निवासी सुमित स्वामी के जन्मदिन पर वीरवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला अकबरपुर व नांगल पीपा में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। इस विषय में जानकारी देते हुए सुमित के भाई सौरव स्वामी ने बताया कि विभिन्न बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, पैन, शार्पनर आदि वितरण करके भाई के जन्मदिन की खुशियां सांझा की।

## संघर्ष समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन

# कौशल रोजगार निगम में युवाओं को आरक्षण न देने पर संगठनों में आक्रोश

**कौशल रोजगार निगम में विभिन्न संगठनों ने पत्र लिखकर सरकार से की वंचित समाज को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। बैठक में रोष प्रकट करते विभिन्न संगठन के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कौशल रोजगार निगम में वंचित समाज के युवाओं के लिए आरक्षण न देने के मामले में महेंद्रगढ़ रोड स्थित संघर्ष समिति कार्यालय में सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एससी समाज के विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को पत्र भेजकर मांग की है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संवैधानिक आधार पर एससी बीसी युवाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड का 13 अक्तूबर 2021 को कंपनी अधिनियम 2013 के तहत सामाजिक व आर्थिक रूप से वंचित उम्मीदवारों का उत्थान करने के लिए गठन किया था। इसके बाद सरकारी विभागों में इसी के माध्यम से भर्तियां की जाती रही हैं, लेकिन खेद का विषय है कि इन भर्तियों में एससी बीसी के आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया। गोठवाल ने कहा कि यह गौर का ही विषय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने जुलाना में संत कबीर ज्यंती व अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से विधानसभा चुनाओं से पूर्व ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है, जो काबिले तारीफ है, लेकिन इसमें एससी समाज को नजरअंदाज किया गया है। वहीं समिति प्रधान चन्दन सिंह जालवान, अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष लालाराम नाहर, धानक समाज के प्रधान महेंद्र खन्ना, खटीक समाज के प्रधान डा. सत्यवीर चौहान व पतराम खिंची, कोली समाज के प्रधान तोताराम, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के सुमेर सिंह गोठवाल ने कहा कि कौशल रोजगार निगम में एससी समाज के लिए आरक्षण की घोषणा ना करके सरकार द्वारा एससी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, पारदर्शिता और मैरिट में जातिगत भेदभाव की दुर्भावना को ही उजागर किया है जो असंवैधानिक है, न्यायसंगत नहीं है। सरकार के इस भेदभावपूर्ण रवैया से हरियाणा के समस्त अनुसूचित जाति समाज में भारी रोष व्याप्त है और हरियाणा का वंचित समाज सरकार के इस जातिगत भेदभाव रवैया की घोर भर्त्सना करता है तथा सरकार से मांग करता है कि इस संगीन मामले में प्राथमिक आधार पर पुर्नविचार करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संवैधानिक तौर पर अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण का भी प्रावधान किया जाए, ताकि समस्त वंचित समाज आरक्षण का लाभ ग्रहण कर सकें। इस मौके पर संघर्ष समिति के प्रमुख सलाहकार एवं धानक समाज के शिवनारायण मोरवाल, डा. भीमराव अम्बेडकर नवयुवक मंडल के प्रधान कंवर सिंह, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन, प्रमुख समाजसेवी सूबेसिंह गोठवाल, डा. अम्बेडकर युवा समिति के महासचिव मैनपाल, अमरनाथ सिरोहा, रामभरोस भीम, रामचंद्र, हरिराम सिरोहा, विक्रम सिंह मांडैया, प्रवीण, राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया।

जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

### सीएल के विद्यार्थी प्रतियोगिता में अव्वल

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से बाल भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का ब्लॉक स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें नारनौल ब्लॉक की विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें सीएल स्कूल के बच्चों ने अपनी पॉजिशन सुनिश्चित की और अगले स्तर के लिए क्वालिफाई किया। इसमें स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में जागृति पुत्री विरेन्द्र, नेहा पुत्री बलदेव, मोहित पुत्र कृष्ण ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, महक पुत्री संदीप, दीया पुत्री हनुमान ने कविता गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी व अगली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## यदुवंशी की सपना व श्वेता ने टॉप-10 में बनाई जगह

**महेंद्रगढ।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी बॉटनी के चौथे सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में अपनी अलग से पहचान बनाकर अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया तथा साथ ही अपने माता-पिता व यदुवंशी कॉलेज का नाम भी रोशन किया। एमएससी बॉटनी की छात्रा सपना पुत्री सुनील कुमार ने 9.19 सीजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में पांचवा स्थान हासिल किया। वहीं


सपना व श्वेता

श्वेता पुत्री संजय कुमार ने 9.13 सीजीपीए लेकर आठवें स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों ने न केवल अपना नाम रोशन किया बल्कि अपने माता-पिता और कॉलेज का नाम भी रोशन किया। एमएससी बॉटनी का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी बॉटनी के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यूजी कोर्सेज के बेहतरीन परिणाम की तरह पीजी कोर्सेज के परिणाम भी बहुत ही उत्कृष्ट आ रहे हैं जो विद्यार्थियों की मेहनत का ही फल है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, निदेशक राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव, यदुवंशी कॉलेज प्राचार्य बबरुभान व बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष व समस्त कॉलेज स्टाफ ने विद्यायदुवंशी कॉलेज की छात्रा सपना व श्वेता ने पूरे विवि की टॉप-10 सूची में जगह बनाई।

## कांग्रेस की लोकप्रियता से भाजपा बौखलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। दोस्तपुर गांव में ग्रामीणों से जनसंपर्क करते कांग्रेसी नेता विनय यादव।

भाजपा की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है। सत्ता से बेदखल होने की आशंका से चिंतित सरकार ने जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्षी दलों को डराना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता राव दानसिंह के आवास पर हुई छापेमारी पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ जिला इकाई पूरी तरह संगठित है तथा सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। उक्त विचार कांग्रेसी नेता एवं रिटायर्ड आइएएस विनय यादव ने दोस्तपुर में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि राव दानसिंह ने स्वच्छ राजनीति की है। जिनके प्रयासों से महेंद्रगढ़ समेत पूरे जिले के विकास को एक नई दिशा मिली है। यहीं कारण रहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत लाखों से घटकर हजारों में सिमट गई है। विधानसभा चुनावों में भाजपा को पराजय दिखाई देने लगी है। सत्ता बचाने के लिए सरकार ने जांच एजेंसियों को मैदान में उतार दिया है। सुबह राव दानसिंह के आवास पर छापेमारी होने से पूरे जिले में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करना सरकार की औछी मानसिकता को उजागर कर रही है। प्रदेश की जनता सब कुछ समझ चुकी है तथा चुनावों में वोट की चोट करके भाजपा को सबक सिखाएगी। कांग्रेस ने हमेंशा जनता के बीच रहकर राजनीति की है, इसलिए भाजपा की इस रंजिश वाली कार्रवाई से डरेगी नहीं।

## बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त, सब्जी से लेकर खाद्यान्न तक सब कुछ महंगाः सरपंच अतेंद्र यादव

**नारनौल।** सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं कांग्रेसी नेता अतेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के लोग इस समय सब्जियों से लेकर खाद्यानों तक पर पड़ रही भयंकर महंगाई की मार से परेशान हैं। गांव सुराणा व नूनी में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान चलाकर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए सरपंच अतेंद्र यादव ने कहा कि महंगाई की यह मार सब्जियों के साथ साथ


नारनौल। जनसम्पर्क करते सरपंच अतेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

चावल, दाल, आटा, तेल सहित रोजमर्रा की आवश्यक्ता से संबंधित हर उत्पादों पर देखने को मिल रही है। इन सभी के दाम इस समय आसमान छू रहे हैं।

आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी भी मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई नियंत्रण के प्रति सरकार की नीति खामियों भरी है जो गरीबों के निवाले को छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही लोगों को महंगाई से राहत दिलाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अतेंद्र यादव ने कहा कि दो माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसके बाद महंगाई के दुष्चक्र में फंसी जनता को राहत दिलाने का काम तेजी से किया जाएगा। कांग्रेस हरियाणा की सत्ता में आते ही लोगों राहत दिलाने के लिए आवश्यक और ठोस कदम उठाएगी। जिससे महंगाई से परेशान लोगों को त्वरित और बड़ी राहत मिल सके।

## बाबा मोहनदास की स्मृति में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

गांव बेवल में सिद्ध संत बाबा मोहनदास की स्मृति में भंडारा तथा मेला आयोजित किया गया। बेवल गांव सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के मंदिर में धोक लगाकर मन्नत मांगी। श्रद्धालु प्रमोद, राजेश, गुगनराम, रामकुवार नम्बरदार ने कहा कि सच्चे मन से बाबा के दरबार में आकर जो धोक लगाता है उसकी सभी मनोकामनाएं बाबा पूर्ण करते हैं। सुबह हवन यज्ञ कर समाज में शांति खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने बाबा के दरबार में धोक लगाकर विजयश्री का आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मेला तथा भंडारा भारतीय सनातन संस्कृति की विरासत तथा धरोहर है। इनसे समाज में प्रेम, सद्भाव तथा सौहार्द बढ़ता है। व्यक्ति के हृदय में दया, भक्ति के भाव जागृत होते हैं। बाबा मोहनदास समिति श्रद्धालुओं द्वारा अतरलाल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

भजन पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। रामकेश, रामौतार, सुभाष, यशपाल, महेश, प्रमोद, राजेश प्रधान, गुगनराम प्रधान, संजीव, लालचंद, छोटेलाल, रामकुमार नम्बरदार, कन्हीराम, दशरथ आदि ने भंडारा तथा मेला के सफल आयोजन में योगदान दिया।

### सीताराम धर्मशाला में जजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**नारनौल।** आगामी 20 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे तालाब बहादुर सिंह स्थित सीताराम की धर्मशाला में जननायक जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए जजपा नेता सिकंदर गहली ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनावों के लिए जागृत करने आएंगे। उन्होंने बताया कि जजपा लोकसभा चुनावों के उपरांत प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर रही है। इन सम्मेलनों का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को फिर से एकजुट करने तथा आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में पार्टी के सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं जोर शोर से भाग लेंगे।



## गुंडों को संरक्षण दे रही है भाजपा, अपराध रोकने में नाकाम रहे नायब सिंह सैनीः डॉ. मनीष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


डॉ. मनीष यादव।

**पिछले एक साल में 974 मर्डर, 1701 रेप की घटनाएं हुईं : डॉ. मनीष यादव**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने हरियाणा में बढ़ रहे अपराधों को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ता जा रहा है, नायब सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। भाजपा राज में अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद है कि सरेआम व्यापारियों से फिरौती मांगने और पर्ची फेंकने की घटना सामने आ रही है। हरियाणा में भय का माहौल व्याप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री नायब सिंह लॉ एंड ऑर्डर नहीं संभाल पा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सिर्फ बैठकें कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कुछ नजर नहीं आ रहा है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में हरियाणा में अपराध पल रहा है। उन्होंने कहा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीएनटीएनएस) की पिछले एक साल में 974 मर्डर, 1701 रेप, 139 गैंग रेप, 3871 किडनैपिंग, 271 लूट और महिलाओं से अपराध के कुल 10,946 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में हर रोज 5-6 रेप, 11-12 किडनैपिंग व 4 मर्डर की वारदात हो रही हैं। हरियाणा मोस्ट अनसेफ राज्यों में दूसरे नंबर पर, रेप रेट में दूसरे नंबर पर, यूपी से 2.5 गुना ज्यादा क्राइम हरियाणा में हो गया है। प्रदेश में अपराध का राज हो गया है। नायब सैनी केवल घोषणा कर रहे हैं, कानून व्यवस्था संभलना इनके बस की नहीं है। प्रदेश में रोजाना मर्डर की घटनाएं हो रही है। नायब सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है।

### 10 साल से पोर्टलों में उलझी हुई हैं सरकार की योजनाएंः सुरेश

**निजामपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पार्षद सुरेश रावत ने मूसनोता, बायल, सादा की ढाणी, नियामतपुर में जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा की जनविरोधी योजनाओं से अवगत कराया। कहा कि बीते 10 साल से सरकार की योजनाएं ऑनलाइन पोर्टल में उलझी हुई। जिस कारण आमजनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं को ऑनलाइन करके विभाग वाइज पोर्टल लांच कर दिए। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को पोर्टल पर आवेदन करना अनिवार्य है, लेकिन पोर्टल को निर्धारित लोड के अनुसार अपग्रेड नहीं किया, साइट भी लेटेस्ट वर्जन में नहीं बनाई। जिस कारण आवेदन प्रक्रिया के दौरान साइट ओपन नहीं होती, कभी पोर्टल नहीं खुलता है। इसके अलावा गांवों में साइबर कैफे की सुविधा नहीं है, ऐसे में ग्रामीणों को एक आवेदन के लिए शहर जाना पड़ता है। जहां साइट नहीं चलने की वजह से बैरंग वापस आने को मजबूर हैं। सरकार की अव्यवस्था के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार देने में सरकार पूरी तरह से विफल रही है। 2019 में सीईटी परीक्षा कराई गई थी। इसके बाद एक भर्ती को क्लीयर नहीं किया।


निजामपुर। मूसनोता गांव में ग्रामीणों से संपर्क करते सुरेश रावत। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस के विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में पाये 10 में से 9 स्थान

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा गत दिवस बीएससी नॉन मेडिकल, बीएससी मेडिकल चौथे समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा परिणाम में आरपीएस कॉलेज बलाना के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पाये 10 में से 9 स्थान प्राप्त किए हैं। कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि बीएससी मेडिकल चौथे समेस्टर में नंदनी 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, पायल 91.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, खुशी 87.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, काजल 87.2 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ, मुस्कान 85.6 प्रतिशत अंक लेकर छठे, राखी शर्मा 84.4 प्रतिशत अंक लेकर नौवें, पारिका 83.8 प्रतिशत अंक लेकर दसवें स्थान पर रही। इसी तरह बीएससी नॉन मेडिकल चौथे समेस्टर में रिटा 87.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अंजली 87 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, ज्योति 85 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ, कोमल 84.4 प्रतिशत अंक लेकर पाचवें, चंचल 84.2 प्रतिशत अंक लेकर छठे, जीनु यादव 84.2 प्रतिशत अंक लेकर सातवें, अंजली 84 प्रतिशत अंक लेकर आठवें, खुशबु 83.8 प्रतिशत अंक लेकर नौवें, नेत्रा 82.4 प्रतिशत अंक लेकर दसवें स्थान पर रही। आरपीएस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों की सर्वश्रेष्ठ सोच के प्रतिफल से हमारे सभी परीक्षा परिणाम सराहनीय रहते हैं। इस परिक्षा परिणाम में कुछ विषयों का परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं अधिकत्तम विषयों का परिणाम 90 प्रतिशत से भी ऊपर रहा।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

## कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने शीतकालीन विवरणिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को भू-स्थानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर केंद्रित शीतकालीन स्कूल की विवरणिका का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शीतकालीन स्कूल को भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में ज्ञान और क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है, जो भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के साथ संरेखित है।

विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में, डिजिटल परिवर्तन बढ़ी हुई दक्षता, लागत-प्रभावशीलता और समय पर परियोजना पूर्ण करने के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां बता दें कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के राष्ट्रीय भू-स्थानिक कार्यक्रम (एनजीपी) के सहयोग से भू-स्थानिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर शीतकालीन स्कूल की घोषणा की है। यह कार्यक्रम आगामी 25 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के अंतर्गत संचालित भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार इस पहल का समंवयन करेंगे। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन स्तरों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। जिसमें वर्तमान घोषणा पहले स्तर के मानक कार्यक्रम पर केंद्रित है। इसमें जीआईएस, रिमोट सेंसिंग और डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग के मूल सिद्धांतों को शामिल किया गया है, जो व्यावहारिक प्रयोगशाला सत्रों, फील्डवर्क और मिनी-प्रोजेक्ट्स द्वारा संचालित होगी। डॉ. जितेंद्र ने बताया कि इस कार्यक्रम में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्य, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी, शोधकर्ता, स्कूल शिक्षक और पंजीकृत गैर सरकारी संगठन प्रतिभागिता कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 30 सितंबर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवदेन पत्र भरना होगा। कुल 25 चयनित प्रतिभागियों को 3 अक्टूबर तक सूचित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम समन्वयक एवं विभाग से प्राप्त की जा सकती है। मौके पर भूगोल विभाग के प्रोफेसर एमएल मीना, डॉ. खेराज, डॉ. सीएम मीना, डॉ. काजल कुमार मंडल, डॉ. मनीष कुमार एवं संजीत कुमार उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते नायब तहसीलदार। फोटो : हरिभूमि

### नायब तहसीलदार ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** नायब तहसीलदार रघुवीर सिंह ने समाधान शिविर में पांच लोगों की शिकायतें सुनी, इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, बिजली विभाग से एसडीओ शुभम जैन, नगर पालिका से सोनू आदि मौजूद थे।

### सिहमा में निःशुल्क जांच कैंप 21 को

**मंडी अटेली।** गांव सिहमा के बाबा खेतानाथ मंदिर में 21 जुलाई प्रातः 9 बजे से सायं चार बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में स्त्री, रोग, हड्डी रोग, पथरी तथा अन्य जनरल बीमारियों के अलावा के विभिन्न प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवाई दी जाएगी। यह कैंप जीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल हुडिना की ओर से लगाया जाएगा।

### सांस्कृतिक अहीरवाल अटेली इकाई की बैठक

**मंडी अटेली।** सांस्कृतिक अहीरवाल अटेली इकाई की बैठक कार्यालय में वीरवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष सरपंच प्रदीप सराय ने की। बैठक में अटेली कौर ग्रुप के सभी सदस्यों उपस्थित रहे। उन्होंने 21 जुलाई को होने वाले सांस्कृतिक अहीरवाल की कौर ग्रुप बैठक में अटेली इकाई को मिली जिम्मेवारियों पर विचार किया और सभी जिम्मेवारियों पर चर्चा करके कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी।

## रजिस्ट्री, इंतकाल, डीएल-आरसी के कार्य नहीं होने से लोग परेशान

# कम्प्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल जारी

■ हड़ताल के चलते तहसील कार्यालय, सरल केंद्र, अंत्योदय सरल केंद्र में कार्य बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

कम्प्यूटर प्रोफेशनल का धरना वीरवार को लघु सचिवालय में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष विकास यादव की अध्यक्षता में चौथे दिन भी जारी रहा। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन के कुछ सदस्य प्रधान प्रवीण कुमार प्रधान के नेतृत्व में करनाल में मुख्यमंत्री के यहां विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गए। यूनियन के कार्यकारी प्रधान से कहा कि कम्प्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल से तहसील कार्यालय, सरल केंद्र, अंत्योदय सरल केंद्र, उपायुक्त कार्यालय व एसडीएम कार्यालय का कार्य बाधित रहा। जिससे आमजन को अपना कार्य करवाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। कम्प्यूटर प्रोफेशनल संघ के प्रधान ने बताया है कि आज हड़ताल का चौथा दिन है, अगर हरियाणा सरकार संघ की मांगों की अनदेखी करती रहेगी तो यह आंदोलन ऐसे ही जारी रहेगा तथा और उग्र रूप लेता हुआ ऐसे ही चलता रहेगा।

इस मौके पर धरना स्थल पर पंकज, विकास यादव, रमेश, सुंदरलाल, कपिल कुमार, स्नेहा, प्रेमलता, रेखा, नेहा सैनी, उषा यादव, ममता यादव, सूची यादव सहित अनेक कम्प्यूटर प्रोफेशनल शामिल थे।



नारनौल। लघु सचिवालय में धरने पर बैठक कम्प्यूटर ऑपरेटर। फोटो : हरिभूमि

### संघ की मुख्य मांगें

हड़ताल पर चले रहे हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ की मुख्य छह मांगें है। जिसमें सभी डीआईटीएस (आईटी सोसाइटी) का केंद्रीयकरण करके बजट का प्रावधान किया जाए, सभी कार्यरत कर्मचारियों के पद सर्जित किए जाए, एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में शामिल किया जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए, 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए व सरकार रेगुलाइजेशन एक्ट लेकर आती है तो उसमें डीआईटीएस को शामिल किया जाए आदि मांग शामिल है।

### कार्य नहीं होने से आमजन परेशान

हड़ताल के चलते कार्य नहीं होने से आमजन काफी परेशान है। संघ की हड़ताल के चलते रजिस्ट्री, इंतकाल, जमाबंदी, डीएल-आरसी आदि के कार्य नहीं हो पा रहे है। जिससे लोग गत चार दिनों से काम के लिए कार्यालयों के चक्कर लगा रहे है, लेकिन कार्य नहीं होने के कारण उनको मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कम्प्यूटर ऑपरेटरों की ओर से करीब 300 से 400 इंतकाल, रजिस्ट्री, 500 आरसी व करीब 500 लाइसेंस बनाने का कार्य रोजाना किया जाता है, लेकिन सोमवार से जारी हड़ताल के चलते गत चार दिन से यह सभी कार्य ठप पड़े है।



नारनौल। हेल्थ व हाईजीन सेमिनार में छात्राओं को जानकारी देती डा. विदूषी।

## एचपीएस स्कूल में हेल्थ व हाईजीन विषय पर सेमिनार आयोजित

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में वीरवार को कक्षा छठी से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए हेल्थ व हाईजीन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में डा. विदूषी शर्मा ने छात्राओं को अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखने, स्वच्छ व प्रोटीन विटामिन युक्त भोजन करने व माहवारी संबंधित जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस सेमिनार में डा. विदुषी ने छात्राओं को हेल्थ व हाईजीन से संबंधित शार्ट मूवी दिखाकर छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि महिलाओं में माहवारी का आना एक बेहद प्राकृतिक व सामान्य प्रक्रिया है। जिसमें सभी लड़कियों को सैनेटरी पैड का इस्तेमाल करना चाहिए और पुराने कपड़े के उपयोग से बचने की कोशिश करें। किसी भी छात्रा को इसमें घबराने या झिझकने की कोई आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने बच्चियों को बताया कि यह हर लड़की के मातृत्व के लिए भी एक अहम प्रक्रिया है। इसलिए ऐसे समय में घर से बाहर नहीं निकलने, रसोई या मंदिर में नहीं जाने, खेलकूद या पढ़ाई लिखाई से दूर रहने जैसी पुरानी कुरीतियों को भूलकर इस प्रकार की भ्रांति के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। विद्यालय की एमडी निधि वर्मा ने बताया कि अपने आसपास कूड़ा करकट गंदगी ना फैलने दें। कार्यक्रम के अंत में निधि वर्मा ने डा. विदूषी शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्राइमरी हेड सोनल चौबे, कविता, हिमांशी जोशी, रीना यादव, नीतु सोनी आदि मौजूद थी।

## पूर्व शिक्षा मंत्री ने महेन्द्रगढ़ के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर मुलाकात कर महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। जिसमें महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खुड़ाना में प्रस्तावित आईएमटी, महेंद्रगढ़ परिवहन विभाग का बस स्टैंड, महेंद्रगढ़ के माधोगढ़ किले पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति, सिविल अस्पताल सतनाली और महेंद्रगढ़ की नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य में प्रगति, सतनाली कस्बे को मार्केट कमेटी का दर्जा, नगर पालिका महेंद्रगढ़ शहर की मुख्य सड़कों का निर्माण, पीने के पानी,सीवरेज और विभिन्न कॉलोनियों की अपुरवल को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा को आस्वस्त किया कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में किसी भी तरह से नही पिछड़ना दिया जाएगा। जहां तक आईएमटी खुड़ाना व माधोगढ़ किले के निर्माण की बात है वहां पर कार्य में तेजी ला दी गई है और जल्द ही यह कार्य पूरा हो जाएगा। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने बताया कि महेंद्रगढ़ की जनता को विकास के मामले में किसी भी तरह बिछड़ते नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत रोज महेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली स्थित केन्द्रीय विश्व विद्यालय में आयोजित पिछडा सम्मेलन की सफलता के लिए महेन्द्रगढ़ की जनता के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

■ महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में किसी भी तरह से नहीं पिछड़ने दिया जाएगा : सीएम



महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट करते पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा वोटों के लिए ओबीसी हितैषी होने का ढोंग कर रही है: राव सुखबिन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पिछड़ा, अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा सरकार नौ साल तक ओबीसी का हक मारने के बाद अब वोटों के लिए ओबीसी हितैषी होने का ढोंग कर रही है, लेकिन जनता इनकी असलियत जान चुकी है और इनके झांसे में नहीं आएगी। उक्त विचार वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने अपने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव खानपुर व ढाणी बठोठा में लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से पहले हरियाणा में ओबीसी क्रीमीलेयर सीमा केंद्र की तर्ज पर आठ लाख रुपये ही थी तथा इसमें कृषि व वेतन की आय भी शामिल नहीं थी, लेकिन भाजपा की खट्टर सरकार ने इसे घटाकर छह लाख रुपये कर दिया था और इसमें कृषि तथा वेतन की आय को भी जोड़ दिया था। इतना ही नहीं खट्टर सरकार ने तो ओबीसी को भी दो आय वर्ग में बांट दिया था। एक से तीन लाख आय वर्ग व दूसरे तीन से छह लाख आय वर्ग, जिसे बाद में न्यायालय ने रद्द कर दिया।

राव ने कहा कि पिछले आठ-नौ साल में कितने ही प्रतिभाशाली ओबीसी युवा भाजपा की गलत क्रीमीलेयर नीति के कारण अवसरों से वंचित रह गए। सरकार को इस हकमारी के लिए प्रदेश का ओबीसी वर्ग कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि क्रीमीलेयर के साथ छेड़छाड़ करने वाले भाजपा नेता किस बात का श्रेय ले रहे हैं। यह तो ठीक वैसा ही है कि पहले किसी की सम्पति छीन लो और फिर एक दशक बाद लौटाकर कहा कि हमने उपकार किया है। इस मौके पर ऋषिदेव शास्त्री, बीएल यादव, वेदप्रकाश यादव, कैप्टन अभिजीत यादव, रोशनलाल, हनुमान सैनी, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।



नारनौल। डोर टू डोर जनसंपर्क करते राव सुखबिन्द्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा मंडलों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भाजपा जिला कार्यालय में मंडल प्रवास योजना की जानकारी देने के बारे में दोनों मंडलों की बैठक जिला अध्यक्ष दयाराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जिला महामंत्री भवानी सिंह प्रवास संयोजक रमेश तंवर, दोनों मंडल अध्यक्ष मनीष संघी व सतवीर गुर्जर, नारनौल मंडल प्रवास संयोजक प्रदीप गौड़ व भूषण मंडल संयोजक राजेंद्र यादव उपस्थित रहे।

प्रवास संयोजक रमेश तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि शक्ति केंद्र बैठक में बूथ, त्रिदेव व प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा हार के कारण बताना व जीत के पांच बिंदु तय करना, बूथ समिति का सत्यापन, त्रिदेव का सत्यापन, सरल पोर्टल पर अपडेट करना शामिल है।

संयोजक ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा हर बूथ पर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाना, प्रत्येक बूथ पर मोटरसाइकिल रखने वाले 11 कार्यकर्ताओं की सूची बनाना, नव मतदाताओं का पंजीकरण व उनका सूचीबद्ध करना, स्वयं सहायता समूह एवं इनसे संबंधित लखपति दीदी की सूची बनाना शामिल है। इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल महामंत्री प्रवीण शर्मा व बलवीर सैनी, किशनलाल सैनी, विकास अग्रवाल, संजय अमन, अरुण जांगड़ा, भारती सैनी, रमेश जांगड़ा, बालकिशन सैनी, कपिल दायमा, माडुराम सैनी, रामौतार गोयल, राजू शर्मा, सुशील चौटाला, जोगिंद्र जैदिया, डालसिंह, रामवतार गोयल, राजसिंह व बनवारी लाल मौजूद थे।



नारनौल। बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## सौहार्द बिगड़ने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली तो खैर नहीं



**नारनौल।** नूह जिले में आगामी 22 जुलाई को प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा को लेकर महेंद्रगढ़ पुलिस की आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी गलत अफवाह पर विश्वास ना करें, पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। नूह जिले में आगामी 22 जुलाई को प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा को लेकर महेंद्रगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी पोस्ट ना डालें, जिससे किसी व्यक्ति की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती हो या धार्मिक सौहार्द को खतरा पैदा हो। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने कहा कि किसी भी तरह का अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो, फोटो या अभिलेख ना डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था की ओर से कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। लोगों से ये ही अपील है कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सहयोग, आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ही करें।

## जिला मुख्यालय की मांग को लेकर सतनाली क्षेत्र में किया जनसंपर्क

■ 10 अगस्त से चलने वाले धरने का ग्रामीणों को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतनाली

महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने को लेकर चल रहें जनसपर्क अभियान वीरवार को सतनाली क्षेत्र में किया गया।

टीम ने वीरवार को सतनाली क्षेत्र के गांव पथरवा, जवाहर नगर, नंगला, ढाणी कुम्हारन, श्यामपुरा, ढाणी जड़वा, सतनाली, सतनाली बांस व ढाणा में ग्रामीणों को जागरूक किया तथा 10 अगस्त को होने वाले बड़े आंदोलन में भाग लेने की अपील की गई। जनसपर्क अभियान के दौरान मंच संचालन समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सरकार से महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने की मांग की हैं। ग्रामीणों ने टीम को आश्वासन दिया कि उनकी यह मांग जायज हैं। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों की कमी के कारण महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित नहीं हो पा रहा हैं। सभी ग्रामीण एकत्रित होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में आंदोलन में पहुंचेगे। महेंद्रगढ़ के लोग आजादी के बाद से अपने हक से वंचित हैं। लगातार क्षेत्र के लोगों की ओर से जिला मुख्यालय की मांग को लेकर करते आ रहे हैं। लेकिन लोगों को सरकार की ओर से केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा हैं।



सतनाली। जिला मुख्यालय को लेकर जनसंपर्क करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में यदुवंशी के छात्रों का दबदबा

**नारनौल।** शिक्षा निदेशालय की ओर से खंड स्तर पर कानूनी साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न दस विषयों में प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सुलेख लेखन, स्लोगन लेखन, कविता वाचन, भाषण, प्रश्नोतरी, स्किट, पेंटिंग, पावर वाईट प्रस्तुति आदि विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मिशिता ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, लक्षिता ने निबंध लेखन में प्रथम, पारूल, वंशिका ने वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, छात्र कलिंद ने पेंटिंग में द्वितीय, अनमोल बंसल, कुलदीप व हार्दिक यादव ने क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय, यश, मानिका ने स्लोगन लेखन में द्वितीय, जानवी, गजल, मुस्कान, अनूप, नमन, गर्वित, हिना आईनी की टीम ने स्किट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर खंड स्तर पर जीत हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की तैयारी करवाई जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## हरियाणा उदय अभियान के तहत किया पौधारोण

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप, किशन लाल शिक्षा व जन कल्याण समिति के तत्वावधान में सर्वोदय उच्च विद्यालय प्रांगण में उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशानिर्देश में एक पौधा अपनी मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल अमीचंद शर्मा ने की। जिसमें मुख्य अतिथि नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया थे। इस अवसर पर मनीष गोगिया ने बताया कि एक पौधा अपनी मां के नाम व हरियाणा उदय अभियान के तहत प्रांगण में 51 पौधे लगाकर इस मुहिम को आगे बढ़ाया है। मनीष गोगिया को उनके द्वारा किए जा रहे है सामाजिक कार्यों को देखते हुए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनीष गोगिया, पवन यादव, अनिल शर्मा, अमीचंद शर्मा, दलजीत गौतम शास्त्री, सुबोध कांत, मनीष, गौरव, अजय आदि मौजूद थे।



नारनौल। पौधरोपण करते संगठन सदस्य व अन्य।

## श्री गोपाल गोशाला बुचियावाली में पर्यावरण सखी कार्यक्रम के तहत रोपे 151 पौधे

**महेंद्रगढ़।** हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति की ओर से शहर के डुलाना रोड स्थित श्री गोपाल गोशाला बुचियावाली में पर्यावरण सखी कार्यक्रम के तहत पौध रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान समिति की ओर से यहां 151 फलदार, फूलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इसी के साथ मंदिर पुजारी राजन ने मंत्रोच्चारण के साथ बेलपत्र के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सभी के सहयोग का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्षता डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। इस मौके पर गौशाला प्रधान नवीन राव ने कहा कि पेड़ पृथ्वी पर सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक हैं। वे मानव के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उन्हें फिट और खुश रखने में मदद करते हैं। समिति प्रवक्ता मनोज यादव ने कहा कि हम पेड़ों पर निर्भर हैं। अपनी भावी पीढ़ियों को भी एक बेहतर और हरियाली भरी दुनिया देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।

## शरारती तत्वों ने राजकीय स्कूल के तोड़े ताले

**महेंद्रगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला भगड़ाना में अज्ञात शरारती तत्वों ने विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया हैं। इससे पहले भी इसी विद्यालय में अज्ञात चोर बीते अप्रैल माह में सामान चोरी करके ले गए थे। विद्यालय हैड ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर कमरों के ताले तोड़ने वाले आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्यालय स्टाफ ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 17 जुलाई को विद्यालय का समस्त स्टाफ दोपहर को विद्यालय की छुट्टी करके घर चला गया था तथा विद्यालय के समस्त कमरों के ताले अच्छी तरह से बंद करके गए थे। शाम 7:30 बजे जब विद्यालय का चौकीदार ओमप्रकाश अपनी रात्रि ड्यूटी पर आया तो उसने देखा कि विद्यालय के दो कमरों के ताले व कुंदा टूटे हुए थे तथा विद्यालय की रसोई घर का ताला व कुंदा भी टूटा हुआ पाया गया। जब विद्यालय का निरीक्षण करने उपरांत चौकीदार ओमप्रकाश द्वारा डायल-112 पर शिकायत की, मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्यालय का मौका मुआयना किया तथा वीडियो ग्राफी भी की। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को सुबह विद्यालय स्टाफ ने पहुंचकर विद्यालय के समस्त परिसर की जांच की तो विद्यालय का सामान तो सुरक्षित था, परंतु सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार की चोरी की घटना विद्यालय में दो अप्रैल को भी हुई थी, जिसमें विद्यालय से कुछ बर्तन चोरी हो गए थे। इस चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने पहले भी केस दर्ज किया हुआ है।

**जानकारी** | जिला महेंद्रगढ़ से भारी संख्या में पहुंचेंगे नागरिक

## संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना, 20 को हिसार में होगा महाराजा दक्ष प्रजापति कार्यक्रम

■ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने तैयारियों को लेकर डीसी मोनिका गुप्ता के साथ की वीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

संत महापुरुष विचार योजना के माध्यम से हरियाणा सरकार आगामी 20 जुलाई को हिसार में महाराजा दक्ष प्रजापति कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने वीरवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की तथा तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ भी मौजूद थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद डीसी ने अधिकारियों की बैठक ली तथा इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बारे में तैयारी शुरू करने के लिए बिंदुवार जिम्मेदारियां तय की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि हर समाज में संत महापुरुष हुए हैं। ऐसे महापुरुषों की शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना को लागू किया है। आगामी 20 जुलाई को हिसार में महाराजा दक्ष प्रजापति कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारी अभी से जुट जाएं।

संतों की शिक्षाएं बहुत ही प्रभावी और कारगर होती हैं। समाज में संतों की धारा का प्रचलन हो, इसके लिए संत कबीर दास, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि सहित अनेक महापुरुषों के जन्म दिवस सरकारी तौर पर मनाए जा रहे हैं। इसमें हर वर्ग के महापुरुषों को शामिल किया गया है। इस मौके पर नगराधीश मंजीत सिंह व डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी मोनिका गुप्ता व अन्य।